सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 89 | इंदौर, शुक्रवार 11 अक्टूबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. UP: जेपीएनआईसी को सील करने पर गरमायी प्रदेश की सियासत, जेपी की मूर्ति लेकर अखिलेश निकले बाहर

2. West Asia Unrest: इस्राइल का लेबनान, गाजा-सीरिया पर हमला, दो हिजबुल्ला कमांडर समेत 46 की मौत; हथियार डिपो तबाह

# इंदौर में 100 फीट से ऊंचे रावण, कहीं पुष्पक विमान में सवार तो कहीं भव्य लंका के साथ दिखेंगे दशानन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। रावण दहन के कार्यक्रम के लिए इंदौर में तैयारियां लगभग पूरी हो गई हैं। कहीं पर रावण पुष्पक विमान में सवार है तो कहीं पर वह पूरी लंका के साथ दिखेगा। सभी जगह आतिशबाजी की शानदार तैयारियां की गई हैं। शोभा यात्राएं निकलेंगी, आर्टिस्ट परफॉर्म करेंगे और कई दिग्गज राजनेता भी इन आयोजनों में शिरकत करेंगे।

### छावनी उषागंज हाईस्कूल मैदान

यहां पर पिछले 39 साल से रावण दहन का कार्यक्रम हो रहा है। इस बार रावण को पुष्पक रथ पर सवार दिखाया गया है। एकता सेवा समिति के लव मीणा ने बताया कि 8 से 9 हजार लोग यहां पर रावण दहन का कार्यक्रम देखने के लिए आते हैं। इस बार 51 फीट का रावण बनाया गया है। समिति हमेशा रावण दहन में कुछ नया करने का प्रयास करती है। इससे पहले रावण दहन में सीता हरण, इंद्रजाल चलाने वाला रावण, शाही स्नान करने वाला रावण बनाया गया। इस बार पुष्पक रथ पर सवार रावण बनाया गया है। जिस रथ पर रावण ने सीता हरण किया था। कार्यक्रम में विधायक गोलू शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम शाम 7 बजे शुरू होगा।



### दशहरा मैदान



यह इंदौर का सबसे प्राचीन रावण दहन कार्यक्रम बताया जाता है। 50 साल से यहां पर रावण दहन का कार्यक्रम हो रहा है। दशहरा मैदान महोत्सव समिति से पहले यहां पर होलकरों द्वारा रावण दहन कार्यक्रम होता था फिर इंटक ने यह कार्यक्रम किया, अब समिति इस काम को संभाल रही है। समिति के अध्यक्ष पिंटू जोशी, सदस्य नीलेश पटेल और सत्यनारायण झलवाड़िया ने बताया कि इस बार 111 फीट का रावण बनाया गया है। 250 फीट की लंका तैयार की जा रही है। इस साल आयोजन के लिए महूनाके से शोभा यात्रा निकलेगी। कार्यक्रम में एक लाख लोग शामिल होंगे। यहां पर होलकर वंश के लोग पूजा करते हैं और इसमें कलेक्टर, अन्य वरिष्ठ अधिकारी और प्रमुख नेता शामिल होते हैं। इस बार पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

### छावनी दो नंबर स्कूल



यहां पर रावण दहन का 32वां वर्ष है। बोयत श्री मित्र मंडल के चौधरी दीनू बोयत कप्तान ने बताया कि यहां पर इस बार कंकालरूपी रावण बनाया जा रहा है। इस बार रावण की ऊंचाई 111 फीट रखी गई है। मेघनाथ और कुंभकरण भी बनाए जा रहे हैं। 80 फीट की लंका भी बनाई जाएगी। महेश्वर, मंडलेश्वर से 15 कलाकारों को बुलाया गया है सभी एक महीने से यहां पर काम कर रहे हैं। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, विधायक गोलू शुक्ला मुख्य अतिथि होंगे। 30 हजार लोग यहां पर आएंगे। यहां भजन गायक, फिल्मी कलाकारों के डुप्लीकेंट भी आएंगे। एक घंटे तक आतिशबाजी होगी। दो हजार महिलाओं की कुर्सियों की व्यवस्था की गई है।

### रामबाग

यहां पर 85 फीट का रावण बनाया गया है। 32 साल से यहां पर रावण दहन का आयोजन हो रहा है। रामबाग दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष सचिन गौड़ ने बताया कि 10 हजार लोग यहां पर रावण दहन देखने के लिए आते हैं। विधायक गोलू शुक्ला और पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय मुख्य अतिथि होंगे। यहां पर रावण के नौ सिर बनाए गए हैं और 10वां सिर गधे के रूप में बनाया गया है। यहां पर ऑटोमैटिक गन से रावण का दहन होगा और रावण अपनी आंखें भी घुमा सकेगा।



### यहां भी खास आकर्षण

इसके अलावा चिमनबाग, तिलक नगर और विजय नगर के रावण दहन कार्यक्रम भी बेहद खास होते हैं। यहां पर भी हजारों की संख्या में लोग रावण दहन कार्यक्रम देखने के लिए दूर-दूर से आते हैं।



**खाद्य सुरक्षा प्रशासन इंदौर की प्रभावी कार्यवाही**

# कलर मिले होने की आशंका में 750 किलोग्राम सौंफ जब्त

**◆ विभिन्न खाद्य पदार्थों के लिए गए नमूने**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए इंदौर जिले में आमजन को सुरक्षित, स्वास्थ्यप्रद एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके एवं अवमानक, असुरक्षित एवं अस्वच्छकर परिस्थितियों में खाद्य पदार्थों का निर्माण, विक्रय एवं परिवहन न हो, इस हेतु जिले में निर्माण, विक्रय एवं परिवहन किए जा रहे खाद्य पदार्थों जैसे दूध एवं दूध से बने खाद्य पदार्थ, मावा, घी, मिठाईयाँ, मसाले, नमकीन, तेल, कन्फेक्शनरी की सतत रूप से सघन जांच हेतु कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर श्री गौरव बैनल द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के तीन दल गठित किये गए हैं। इन दलों द्वारा इंदौर शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र में दैनिक रूप से कार्यवाही की जा रही हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को एक दल द्वारा नेहरू नगर क्षेत्र में भैरवनाथ गुजराती कड़ी फाफड़ा से मावा कतली का एक नमूना, श्री चारभुजा स्वीट्स से मावा पेड़ा, मलाई बर्फी के कुल दो नमूने लिए गए।



विभाग को यह सूचना प्राप्त हुई थी कि ऊँझा, गुजरात से कलर वाली सौंफ बुलाई जाकर इंदौर शहर में विक्रय की जा रही है जिसके आधार पर दूसरे दल द्वारा सियागंज स्थित महालक्ष्मी ट्रेडर्स का औचक निरीक्षण किया गया तथा मौके पर खाद्य पदार्थ सौंफ जिसमें कलर मिले होने की आशंका हुई, का नमूना जांच हेतु लिया गया तथा 750 किलोग्राम सौंफ को जप्त किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 97 हजार 500 रूपये है।

**मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब की सहायता से मौके पर ही की गई जांच**

निरीक्षण के दौरान नेहरू नगर क्षेत्र में मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब की सहायता से 10 प्रतिष्ठानों में बिक रहे खाद्य पदार्थ जैसे मिठाई, नमकीन आदि की जांच मौके पर ही की गई, जिनमें से निर्धारित स्तर के नहीं पाए गए खाद्य पदार्थों की विस्तृत जाँच हेतु नमूना कार्यवाही दल द्वारा की गई। इसके अतिरिक्त प्रतिष्ठान संचालकों को मिठाई, नमकीन आदि निर्माण में प्रयुक्त होने वाले रॉ मटेरियल एवं तैयार खाद्य पदार्थ की जाँच के तरीके भी बताए गए, ताकि वे स्वयं जाँच कर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित कर सकें।

**संचालकों को दिए गए निर्देश**

निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान संचालकों को परिसर में उचित रूप से साफ सफाई बनाए रखने, कर्मचारियों का नियमित रूप से मेडिकल चेकअप करवाने, परिसर में कीट प्रबंधन प्रणाली का सही तरीके से पालन सुनिश्चित करने तथा खाद्य पदार्थों के उचित रखरखाव से संबंधित दिशा निर्देश दिए गए। लिए गए सभी नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल की ओर भेजा जायेगा, जिनकी विश्लेषण रिपोर्ट प्राप्ति उपरांत अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जायेगी। खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा की जा रही कार्यवाही आगे भी सतत रूप से जारी रहेगी।

## श्रीनाथ वैष्णव युवा मंडल की कार्यकरिणी में नीमा कोषाध्यक्ष मनोनीत

**प्रमुख हिन्दी अखबार 'आदित्य की आवाज़' की स्मारिका का भी विमोचन होगा**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। वैष्णवों की प्रमुख राष्ट्रीय संस्था 'श्रीनाथ वैष्णव युवा मंडल की कार्यकारिणी की बैठक कल इंदौर में आयोजित की गयीं जिसमे देश के अलग अलग क्षेत्रों के पदाधिकारी सम्मिलित हुए जिसमे जनवरी में नईदिल्ली में आयोजित महारास उत्सव, मिलन समारोह व सम्मान समारोह की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई।**



प्रमुख हिन्दी अखबार 'आदित्य की आवाज' *की स्मारिका का भी विमोचन किया जायेगा इस अवसर पर नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमे महासचिव पद पर ओंकारलाल जी पालीवाल (नईदिल्ली) को महासचिव ,संगठन मंत्री जगदीश जी गुप्ता (लखनऊ), शेखर नागर (भोपाल को प्रभारी मंत्री, सचिन नीमा (इंदौर) को कोषाध्यक्ष पद पर नवीन कार्यकारिणी में मनोनीत किया गया। सभी पदाधिकारियों को विष्णु शर्मा, राजीव पोरवाल, अनिल अग्रवाल, संजय व्यास आदि ने बधाई प्रेषित की।

# घने बादल छाए, ठंडी हवाओं के साथ गिरा पानी, रावण के पुतले भी भीगें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इन्दौर। शहर में अक्टूबर के दूसरे हफ्ते में लगातार दूसरे दिन शहर के कई हिस्सों में बारिश शुरू हो गई। गुरुवार को सुबह से मौसम साफ था। साथ ही तेज धूप खिली थी। फिर 4.30 बजे बाद घने बादलों के साथ गड़गड़ाहट शुरू होने के साथ ठण्डी हवाएं चलने लगी। कुछ देर बाद बारिश शुरू हो गई। इससे मौसम में ठण्डक घुल गई। बारिश से कुछेक स्थानों पर रावण के पुतले भी गीले हुए है। इस बार अक्टूबर का पहला हफ्ता बीतने के बाद शहर में मौसम भी बदलने लगा। शहर के अलग-अलग इलाकों में मौसम का मिजाज भी एक जैसा नहीं है। कुछ हिस्सों में रिमझिम हो रही है तो कहीं सूखा है। सीनियर साइंटिस्ट डॉ. वेद प्रकाश सिंह के मुताबिक अभी अलग-अलग दिशाओं की हवा आ रही है। इसका असर शहर के मौसम पर पड़ रहा है। इसके साथ ही वातावरण में अभी भी नमी बनी हुई है।



**आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई**

# बड़ी मात्रा में शराब सहित कार जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर जिले में मदिरा के अवैध परिवहन, भण्डारण तथा अवैध रूप से क्रय-विक्रय करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशानुसार लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस सिलसिले में शराब का अवैध परिवहन करते हुए 13 पेटी देशी मदिरा ,02 पेटी लंदन प्राइड वोदका, 01 पेटी व्हिस्की सहित कार जब्त की गई। जब्त समस्त सामग्री की कीमत 3 लाख 25 हजार रूपये है।**

सहायक आबकारी आयुक्त इंदौर श्री मनीष खरे ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान मारुति ऑल्टो गाड़ी को रोका गया। गाड़ी की तलाशी ली गई। तलाशी में गाड़ी में 13 पेटी देशी मदिरा, 02 पेटी लंदन प्राइड वोदका, 01 पेटी मैक्डवेल व्हिस्की पाई गई। सोदान सिंह पिता नरसिंह ग्राम हिंडोलिया तहसील सांवेर से पास/परमिट का पूछने पर नहीं होना बताया गया। इस पर मदिरा और वाहन जब्त कर आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार किया गया।



## शिक्षक सेवानिवृत्त



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शासकीय पीएम श्री अहिल्याश्रम कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 के सहायक शिक्षक श्री विजय शर्मा 30 सितम्बर 2024 को सेवानिवृत्त हो गये है। प्राचार्य श्री दीपक हलवे ने बताया कि उनके विद्यालय से का पेंशन आर्डर कोष एवं लेखा विभाग ने जारी कर दिया है। यह आर्डर उन्हें सौप दिया गया है। इस अवसर पर श्री धीरेन्द्र शुक्ला, स्वाति शर्मा और श्री अखिलेश जोशी आदि मौजूद थे।

# पीएम-श्री पर्यटन उड़ानों को नहीं मिल रहे यात्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पीएम-श्री वायु पर्यटन सेवा के तहत इंदौर से उज्जैन के बीच उड़ान सेवा एक बार फिर शुरू हो गई है। लगभग दो महीने पहले इसे अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। लेकिन तमाम कोशिशों के बाद भी प्रदेश के शहरों को आपस में हवाई मार्ग से जोड़ने के लिए जून में शुरू की गई पीएम श्री वायु पर्यटन सेवा को यात्री नहीं मिल रहे है। 6 सीटर विमान में इक्का-दुक्का यात्री ही सफर कर रहे है। वहीं कंपनी ने अपना डिस्काउंट बढ़ा कर फिर से 50 प्रतिशत कर दिया है।

एयरपोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार कंपनी इंदौर से जबलपुर और भोपाल के लिए सीधी उड़ान संचालित कर रही है। लेकिन यात्री नहीं मिल रहे हैं। बुधवार को उड़ानों का संचालन हुआ, लेकिन जबलपुर से इंदौर आने वाली उड़ान खाली रही। वहीं भोपाल से इंदौर आने वाली उड़ान को केवल दो यात्री मिले, जबकि इंदौर से भोपाल जाने वाली उड़ान में भी केवल दो ही यात्री सवार हुए थे। सूत्रों का कहना है कि कंपनी लगातार प्रमोशनल डिस्काउंट दे रही है, लेकिन फिर भी यात्री नहीं मिल रहे हैं।



# बंद अहाते गुलजार...खुलेआम बिक रही अवैध शराब

## नशेड़ियों से रहवासी परेशान; 7 दुकानों पर कार्रवाई के बाद भी माफिया सक्रिय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। गांधी नगर इलाके में नशे का कारोबार तेजी से फैल रहा है। अवैध शराब बेचने वाले पुलिस की नाक के नीचे क्षेत्र में खुलेआम नशाखोरी करवा रहे हैं। गुमटियां खोलकर ग्रामीण इलाकों में शराब बेच रहे हैं। शराब दुकानों की आड़ में अहाते भी अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं। हैरानी की बात ये है कि पुलिस और आबकारी विभाग के अधिकारियों को ये नजर नहीं आ रहा।**

इस इलाके के रहवासियों की मानें तो यहां के हर क्षेत्र में अवैध शराब माफियाओं के गुर्गे सक्रिय हैं। खुला मैदान हो या बस्तियां, गली मोहल्लों में अवैध शराब का धंधा बेखौफ संचालित हो रहा है। कई बस्तियां तो ऐसी हैं, जहां गाड़ियों पर शराब लाकर बेची जा रही है। बस्तियों के बच्चे व बेरोजगार युवा नशे के आदी बन रहे हैं। वहीं, शाम से लेकर रात तक इलाके में महिलाओं-बुजुर्गों का निकलना दूभर हो गया है।



**नशेड़ियों से क्षेत्रवासी परेशान, मैदान में शाम से लेकर रात तक लगता है पीने वालों का मेला-** रहवासी विनोद बांकवलिया ने बताया कि गांधी नगर से लेकर हातोद रोड तक। अरिहंत नगर, गोम्मटगिरि, इसके आसपास बनी टाउनशिप और बस्तियों में खुलेआम शराब बिक रही है। शाम को नशेड़ी खुले मैदान में इस तरह शराबखोरी करते हैं जैसे मेला लगा हो। रहवासियों ने कई बार पुलिस को शिकायत की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। बंद अहातों में भी शराबखोरी हो रही है, लेकिन आबकारी विभाग एक्शन नहीं लेता।

### 7 दुकानों पर कार्रवाई, फिर भी माफिया सक्रिय

जब जनता का दबाव बना तो सप्ताहभर पहले एडिशनल डीसीपी आलोक शर्मा की टीम ने सतपुड़ा पर्वत और अरिहंत नगर जैसे इलाकों में अवैध शराब बेचने वाली 7 दुकानों पर कार्रवाई की थी। कुछ समय बाद फिर इलाके में माफिया सक्रिय हो गए।

**गांधी नगर में पुलिस टीम ने 5 दिन पहले ही 7 आरोपियों को 80 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया था। यहां शराब बेचने वाले गोविंद चौहान, रमेश चौहान, अनुराग तिवारी, रामराज झुखारिया और सुभाष दर्जी जैसे कारोबारियों को गिरफ्तार कर केस दर्ज किए। फिर भी यहां ऐसे लोग सक्रिय हैं तो एक्शन लेंगे।**

**-आलोक शर्मा, एडिशनल डीसीपी, जोन-1**

## भोपाल में 1800 करोड़ की एमडी ड्रग्स पकड़ाने के बाद एक्शन

# उद्योगों को जांचने निकला प्रशासन




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भोपाल में बंद पड़ी फैक्ट्री से 1800 करोड़ रुपए की एमडी ड्रग्स पकड़े जाने के बाद इंदौर का प्रशासनिक अमला अब हरकत में आ गया है। गुरुवार दोपहर राऊ-रंगवासा क्षेत्र में बंद पड़े उद्योगों की जांच के साथ ही लीज के दस्तावेज भी खंगालना शुरू कर दिया है।**

प्रशासन बंद पड़े उद्योगों की भी जांच कर रहा है। जिन्होंने जमीन तो पूर्व में ली लेकिन उद्योग शुरू नहीं किए। इंदौर के औद्योगिक संगठन इस बारे में पहले भी कई बार शिकायत कर चुके हैं। एसडीएम विनोद राठौर ने बताया कि प्रशासन ने तोतला हर्बल रेमेडीज, साम केम फार्मा इंडस्ट्रीज व ब्रिटिश रेमेडीज विनप्रो हर्बल आर्गेनाइजेशन, सिंडिकेट हर्बल, मेसर्स हर्ष हेल्थकेयर, मेसर्स राजशाही फूड प्रोडक्ट, मेसर्स मिशीरा पॉलिकेम, मेसर्स ग्लिस्टर फार्मा, मेसर्स इकोसेव सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड जैसे उद्योगों की जांच की। निरीक्षण के दौरान संबंधित इंडस्ट्री के प्रबंधकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जांच दल में एसडीएम विनोद राठौर, एसीपी रुबीना मिजवानी, तहसीलदार रायण नांदेडा, ड्रग इंस्पेक्टर अलकेश अग्रवाल, अनुमेहा कौशल, असिस्टेंट इंडस्ट्री मैनेजर मनोज शुक्ला शामिल थे। इंदौर में कई उद्योगों ने सरकार के साथ एमओयू तो कर लिया, पर उद्योग शुरू नहीं किए। इस वजह से नए उद्यमियों को शहर के आसपास जमीन नहीं मिलती है और उन्हें शहर से कई किमी दूर जाना पड़ता है।

# एयरपोर्ट की पार्किंग में युवक-युवती कर रहे थे शराब खोरी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर एयरपोर्ट की पार्किंग में क्यूआरटी टीम ने शराब पीते 4 युवक और 1 युवती को पकड़ा। उनकी कार में शराब की बोतल,ग्लास और सिगरेट मिली। सीआईएसएफ के जवान पहुंचने पर वे माफी मांगने लगे। मामले में आबकारी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया है। क्यूआरटी गश्त के दौरान प्रभारी एसआई प्रशांत रघुवंशी की टीम ने अल सुबह करीब 5: 50 बजे चार युवक और एक युवती को एयरपोर्ट पार्किंग क्षेत्र में शराब पीते पकड़ा था। इसके बाद प्रभारी ने शिफ्ट इंचार्ज और सीआईडब्ल्यू स्टाफ को इसकी सूचना दी। इन्हें एअरपोर्ट टर्मिनल लाया गया। एरोड्रम पुलिस ने एक युवक पर ड्रिंक एंड ड्राइव को लेकर केस दर्ज किया है। वही युवती सहित अन्य तीन युवकों पर खुले में शराब पीने को लेकर आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

## बाइक चोरी, घर आया ई-चालान

**इंदौर।** इंदौर के मल्हारगंज इलाके में एक युवक की चोरी हुई बाइक का ई-चालान बुधवार को उसके पास पहुंचा, जिससे पता चला कि बाइक पोलोग्राउंड इलाके में चल रही थी। पुलिस अब वीडियो फुटेज में नजर आए महिला और पुरुष के आधार पर बाइक की तलाश में जुटी है। मल्हारगंज इलाके में अंनत चतुर्दशी के दिन एक युवक की बाइक चोरी हो गई थी। युवक बाइक पार्क कर झांकी देखने गया था, और वापस आने पर बाइक गायब मिली। उसने तुरंत मल्हारगंज पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद बुधवार को युवक लोकेश निवासी छत्रीपुरा के पास ई-चालान पहुंचा, जिसमें उसकी चोरी हुई बाइक का चालान पोलोग्राउंड इलाके में बिना हेलमेट के चलने पर काटा गया था। यह चालान 24 सितंबर का था, जबकि बाइक अनंत चतुर्दशी की रात में ही चोरी हो चुकी थी।

# पत्नी से विवाद के बाद गाड़ियों में तोड़फोड़ पुलिस ने इलाके में निकाला जूलूस



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एमआईजी इलाके में पत्नी से विवाद के बाद ससुराल में आकर तोड़फोड़ करने वाले गुडों का गुरवार को पुलिस ने जुलूस निकाला। गुडें इलाके में माफी मांगते नजर आएं। घटना दो दिन पहले की है, जब इन गुंडों ने गाड़ियों में तोड़फोड़ की थी। इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया था, जिसके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की। पुलिस ने पब्लिक के सामने ही उनकी जमकर लू उतारी।

एमआईजी थाना प्रभारी सीबी सिंह के मुताबिक, पीड़िता आयुषी शुक्ला ने शिकायत दर्ज करवाई थी। पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी 2022 में रोहन वानखेड़े से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही रोहन शराब के नशे में अक्सर उससे मारपीट करने लगा। तंग आकर आयुषी ने 7 महीने पहले अपने मायके आकर रहना शुरू कर दिया था। 8 अक्टूबर की रात, रोहन वानखेड़े अपने तीन दोस्तों के साथ आयुषी के ससुराल पहुंचा। वहां उसने गाली-गलौच शुरू कर दी और घर के बाहर खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ कर दी। घटना के सीसीटीवी फुटेज वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की। इस घटना के बाद पुलिस ने तीन एफआईआर दर्ज की हैं। पहला मामला आयुषी की शिकायत पर दर्ज हुआ, जिसमें रोहन वानखेड़े पर मारपीट और गाली-गलौच का आरोप है। इसके अलावा, अन्य स्थानीय लोगों ने भी अपने वाहनों में तोड़फोड़ और घरों पर पथराव की शिकायत की। जांच के बाद, पुलिस ने गुरुवार को रोहन वानखेड़े और उसके साथियों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपियों को सोमनाथ की चाल इलाके में ले जाकर जुलूस निकाला। जुलूस के दौरान रोहन और उसके साथी पब्लिक के सामने माफी मांगते नजर आए।

# रिश्तेदार ने कार अटैच करने और अच्छे पैसे दिलवाने का लालच देकर कार बेच दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** तेजाजी नगर पुलिस ने एक व्यक्ति की शिकायत पर उसके रिश्तेदार और उसी के परिचित पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। आरोपी रिश्तेदार ने ट्रेवल्स पर कार अटैच करने और अच्छे पैसे दिलवाने का लालच देकर अपने ही दोस्त को कार बेच दी। बुधवार देर शाम पुलिस दोनों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

तेजाजी नगर पुलिस के मुताबिक, राजेश नागर की शिकायत पर उसके रिश्तेदार शुभम नागर और गौतम ओबेरॉय के खिलाफ केस दर्ज किया है। राजेश को उसके रिश्तेदार शुभम ने 17 हजार प्रतिमाह गाड़ी का किराया दिलाने की बात कही थी। तीन माह बाद ही उसे किराया मिलना बंद हो गया। राजेश के किराया मांगे पर उसने कहा कि कार बेच दी है। वह कार की कीमत दे देगा। राजेश ने पैसे की जगह कार वापस मांगी तो आरोपी ने इनकार कर दिया। राजेश ने बताया कि उसने स्विफ्ट कार नंबर MP09ZE6962 अक्टूबर 2022 में खरीदी थी। दिसंबर-जनवरी 2024 में उसके रिश्तेदार शुभम ने कार को ट्रेवलर्स पर चलने की बात कही। जिसके बाद राजेश ने कार ट्रेवल्स पर अटैच की। लेकिन कुछ समय बाद ही रिश्तेदार शुभम ने किराया देना बंद कर दिया। पूछने पर कार बेचने की जानकारी दी और दोस्त गौतम से कार की कुल राशि वापस करवाने की बात कही। राजेश की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर कार्रवाई की बात कही है।

## पुलिस अधिकारी के परिवार को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 50 लाख रुपए की राशि प्रदत

**इन्दौर।** 15वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक स्व. श्री गोविन्द सिंह चौहान कानून व्यवस्था डियुटी हेतु जिला बड़वानी के ठीकरी में तैनात होकर 12 अगस्त 2024 को गौवंश एवं संदिग्ध वाहनों की चैकिंग हेतु जिला बड़वानी के थाना ठीकरी अन्तर्गत तैनात किए गए थे। रात्रि लगभग एक बजे अपने कर्तव्य के निर्वहन के दौरान स्व. श्री गोविन्द सिंह चौहान को एक ट्रक के द्वारा गंभीर रूप से टक्कर मारी गई, जिसके फलस्वरूप श्री गोविन्द सिंह चौहान की जान चली गई।

पुलिस सैलेरी पैकेज अन्तर्गत पुलिस मुख्यालय भोपाल एवं स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के मध्य हुए अनुबंध अनुसार व्यक्तिगत दुर्घटना (मृत्यु) पर उनके परिवार को 50 लाख रुपये की राशि प्रदान किए जाने का प्रावधान किया गया है।

# महाअष्टमी: उज्जैन कलेक्टर ने देवी को लगाया मदिरा का भोग, सुख-समृद्धि की कामना को लेकर की नगर पूजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** धार्मिक नगरी उज्जैन में हर त्योहार को अनूठे अंदाज में मनाया जाता है। यहां की परंपरा, इतिहास और मान्यताएं अपने आप में एक अलग पहचान रखती हैं। इसी परंपरा का निर्वहन आज कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने किया। नगर की सुख-समृद्धि, रक्षा और मंगलकामना को लेकर शारदीय नवरात्रि की महाअष्टमी पर चौबीस खंबा माता मंदिर में पूजा की और देवी को मदिरा का भोग लगाया।

शारदीय नवरात्रि की महाष्टमी पर प्रतिवर्ष नगर पूजा कलेक्टर ही करते हैं। इसी क्रम में शुक्रवार सुबह नगर व जिले की सुख समृद्धि की कामना को लेकर कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने पूजा की। कलेक्टर चौबीस खंबा माता महालाया और महामाया की विशेष पूजन अर्चन कर उन्हें मदिरा का भोग लगाया और नगर पूजा प्रारंभ की। पूजा करने के बाद कलेक्टर नीरज कुमार सिंह कुछ देर हांडी लेकर यात्रा के आगे आगे चले। उनके साथ ही अधिकारियों, कर्मचारियों और कोटवारों का दल 27 किमी की नगर पूजा यात्रा पर निकला। ढोल, ध्वज और मदिरा की धार के साथ यह यात्रा नगर के लगभग 40 से अधिक माता व भैरव मंदिरों में पहुंचेंगे। जहां उनका विशेष पूजन अर्चन भी किया जाएगा।



### 27 किमी तक बहेगी मदिरा की धार

यात्रा में आगे-आगे हांडी से मदिरा की धार पूरे नगर की परिक्रमा के दौरान सतत बहती रहेगी। जो कि कालभैरव, भूखी माता, चामुंडा माता, गढ़कालिका सहित नगर के प्रमुख 40 मंदिरों तक पहुंचेगी। जहा पर भगवान का विशेष पूजन-अर्चन किया जाएगा। साथ ही यात्रा में चल रहे कोटवार व अन्य सदस्यगण भजिए, पूड़ी, बड़बाकुल का भोग भगवान को अर्पित करेंगे तथा सोलह श्रृंगार की सामग्री व चुनरी माता को अर्पित की जाएगी।

### विक्रमादित्य ने शुरू की थी पूजा

यात्रा के साथ पूजा यह क्रम देर रात तक जारी रहेगा तथा रात्रि 8 बजे मां गढ़कालिका माता मंदिर होते हुए अंकपात मार्ग स्थित हांडी फोड़ भैरव मंदिर पर नगर पूजा का समापन होगा। ऐसी मान्यता है कि सम्राट राजा विक्रमादित्य ने अपने राज्य व नगर की खुशहाली व सुख समृद्धि के लिए महाअष्टमी पर नगर पूजा की शुरुआत की थी। जिसका निर्वहन आज तक अनवरत जारी है। इस अवसर पर कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने कहा कि यह सांस्कृतिक परंपरा आदिकाल से चली आ रही है, मेरा सौभाग्य है कि कलेक्टर होने के नाते मुझे यह अवसर मिला। मेरी यह कामना है कि शहर जिले में सुख समृद्धि हो।

### कलेक्टर से लेकर ग्राम कोटवार तक होते हैं शामिल

कलेक्टर ने कहा कि बाबा महाकाल और माता हरसिद्धि का आशीर्वाद सब पर बना रहे। बता दें कि जनकल्याण के लिए भारत के चक्रवर्ती सम्राट राजा विक्रमादित्य ने नगर पूजा की शुरुआत की थी। यह हमारी परंपरा है जिसमें नगर पूजा के दौरान माता को मदिरा का भोग लगाया जाता है, जिसका निर्वहन किया जा रहा है। यह यात्रा इसलिए भी काफी अच्छी है क्योंकि इसमें ग्राम के कोटवार से लेकर कलेक्टर तक शामिल होते हैं।

## बड़वाह से ओंकारेश्वर लौट रहे बाइक सवार युवकों की हाइवा से टक्कर, एक की मौत, दो घायल




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ओंकारेश्वर।** राखड़ से लदे एक हाइवा और मोटरसाइकिल की भीषण टक्कर में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा मोटक्का क्षेत्र में श्री साईं मंदिर के पास हुआ। हादसे में एक की मौत हो गई। मोटक्का चौकी प्रभारी रमेश गवले और एएसआई पाटीदार के अनुसार, हादसे के शिकार तीनों युवक ओंकारेश्वर के कैलाश खो वार्ड-10 के निवासी हैं। वे बड़वाह से बाइक पर ओंकारेश्वर लौट रहे थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों युवक बाइक से गिरकर बेहोश हो गए। घायलों में श्रीराम (24), सुखराम केवट (40), और राजा केवट (26) शामिल थे। सभी को सनावद के शासकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से राजा और सुखराम की हालत गंभीर होने पर उन्हें इंदौर रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान राजा केवट (26) की मौत हो गई, जबकि श्रीराम का इलाज सनावद में जारी है। इस घटना से पूरे नगर में सन्नाटा छा गया है और परिजन अस्पताल में जुट गए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## उज्जैन में पूर्व पार्षद को घर में घुसकर गोली मार उतारा मौत के घाट, पत्नी-बेटों पर ही लगा हत्या का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। कांग्रेस नेता और पूर्व पार्षद हाजी कलीम खान उर्फ गुड्डू (60) की शुक्रवार सुबह 5 बजे गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्यारों ने नीलगंगा थाना क्षेत्र की वजीर पार्क कॉलोनी स्थित घर में घुसकर गुड्डू को चार से ज्यादा गोलियां मारीं। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में ले लिया है।**

परिजन ने गुड्डू की हत्या का आरोप उनकी पत्नी और दो बेटों पर लगाया है। हत्याकांड को अंजाम देने के पीछे प्रॉपर्टी विवाद को वजह बताया है। नीलगंगा पुलिस के अनुसार, गुड्डू के मामा नसरुद्दीन ने पुलिस को वारदात की सूचना दी। टीम जब मौके पर पहुंची तो परिवार के लोगों ने गुड्डू की पत्नी नीलोफर उर्फ भूरी, बड़े बेटे दानिश और छोटे बेटे आसिफ उर्फ मिंटू को पुलिस को सौंपा। उन्होंने बताया कि गुड्डू ने पिछले 12 साल से तीनों को प्रॉपर्टी से बेदखल कर रखा था।



### एक हफ्ते पहले भी हुआ था हमला

गुड्डू पर बीती 4 अक्टूबर को भी मॉर्निंग वॉक के दौरान जानलेवा हमला हुआ था। कार से आए हमलवारों ने उन पर पिस्टल से तीन फायर किए थे। जान बचाने के लिए वे नाले में कूद गए थे। उन्हें हाथ में फ्रेक्चर हुआ और गोली छूकर निकली थी। घटना के बाद वे इतने सहमे हुए थे कि दोबारा हमला न हो जाए, इस डर से घर से बाहर भी नहीं निकले। उन्होंने 7 अक्टूबर को थाने में आवेदन देकर अपनी हत्या किए जाने की आशंका जताई थी।

# जलसंकट से परेशान लोग हाथों में गुलाब लेकर पहुंचे नगर निगम, पीएचई विभाग के अफसर से मांगा पानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** उज्जैन शहर में फेल हो चुकी पेयजल व्यवस्था को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र वशिष्ठ के नेतृत्व में परेशान लोगों ने प्रदर्शन किया। गांधीवादी तरीके से हाथों में गुलाब लेकर पहुंचे रहवासियों ने नगर निगम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में कार्यपालन यंत्री एनके भास्कर को पुष्प भेंटकर पानी मांगा। पार्षद सुलेखा राजेंद्र वशिष्ठ ने कार्यपालन यंत्री से मांग की कि पानी की टंकी सम्पूर्ण क्षमता के साथ भरी जाए। विक्रम नगर, गांधी नगर, राजीव गांधी नगर एवं दमदमा क्षेत्र जो वार्ड 52 में स्थित है, इनमें जो टंकियां पूर्ण क्षमता के साथ नहीं भरी जा रही हैं उसे दूर किया जाकर पूरी क्षमता के साथ भरा जाए। ताकि विक्रम नगर एवं गांधी नगर क्षेत्र के रहवासियों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध हो सके। कांग्रेस नेता राजेंद्र वशिष्ठ ने बताया कि पेयजल व्यवस्था सम्पूर्ण उज्जैन शहर में चरमराई हुई है। दमदमा पानी की टंकी 5.88 मीटर की क्षमता से भरी जाना चाहिए वहां सिर्फ 3.0 मीटर ही भरी जा रही है। पाश्वनार्थ कॉलोनी स्थित विक्रम नगर पानी की टंकी 5.30 मीटर क्षमता से भरी जाना चाहिए। वहां गत आठ दिनों से 0.0 हैं, नागझिरी पानी की टंकी 5.30 मीटर क्षमता से भरी जाना चाहिए किन्तु यहां 2.90 मीटर क्षमता से भरी गई, महानंदा नगर स्थित पानी की टंकी 5.50 मीटर के स्थान पर 3.70 मीटर, भरतपुरी स्थित पानी की टंकी 4.50 मीटर के स्थान पर 3.00 मीटर, ऋषि नगर पानी की टंकी 5.50 मीटर के स्थान पर 2.50 मीटर, चकोर पार्क स्थित पानी की टंकी 6.50 मीटर के स्थान पर 5.00 मीटर भरी गई है। इससे स्पष्ट होता है कि शहर में पानी की टंकियां अपनी क्षमता के अनुरूप नहीं भरी जा रही हैं। परिणाम स्वरूप त्यौहारो के दिनों में लोग पेयजल हेतु काफी परेशान होना पड़ रहा है। ये सभी अव्यवस्थाएं पीएचई विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों की कार्य के प्रति उदासीनता के कारण हो रही हैं।



## संपादकीय

# अपनी सादगी से हर किसी का दिल जीत लेते थे

भारतीय उद्योग जगत की महान हस्ती रतन टाटा ने 86 साल की उम्र में 9 अक्तूबर 2024 को इस दुनिया को अलविदा कह दिया। वह अपने पीछे एक बड़ी विरासत छोड़ गए हैं। टाटा परिवार का देश के विकास में बड़ा योगदान है और रतन टाटा ने भी अपने फैसलों से अपने परिवार की इस महान विरासत को कायम रखा। टाटा परिवार के विभिन्न लोगों ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व से टाटा समूह को इस देश का सबसे प्रमुख और प्रभावशाली व्यापारिक घराना बनाया। भारत के रतन कहे जाने वाले दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा अरबपतियों में शामिल होने के बावजूद अपनी सादगी से हर किसी का दिल जीत लेते थे। वह उन शख्सियतों में शुमार थे, जिनका हर कोई सम्मान करता था। अपनी कारोबारी उपलब्धियों के साथ-साथ अपने विनम्र स्वभाव और परोपकारी कार्यों के भी लिए जाने जाते थे। सैकड़ों करोड़ की संपत्ति होने के बाद भी वह सादगी से ही रहते थे। वह उन शख्सियतों में शुमार थे, जिनका हर कोई सम्मान करता था। कई मौकों पर उन्होंने गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद कर भारतीयों को गर्व महसूस कराया। टाटा ग्रुप की प्रमुख कंपनियों में एयर इंडिया, टीसीएस, टाटा मोटर्स, टाटा नमक, टाटा चाय, जगुआर लैंड रोवर, टाइटन, फास्ट्रैक, तनिष्क, स्टारबक्स, वोल्टास, जारा, वेस्टसाइड, कल्टफिट, टाटा एआईजी, टाटा एआईए लाइफ, टाटा प्ले, टाटा वनएमजी और टाटा कैपिटल ब्रांड्स शामिल हैं। टाटा समूह की कंपनियों ने हाल ही में देश में सेमीकंडक्टर के निर्माण में भी कदम रखा है। टाटा ग्रुप के मार्केट कैप की ही बात करें, तो यह पाकिस्तान की जीडीपी से भी ज्यादा है। पाकिस्तान की जीडीपी के इस साल के आखिर तक 347 अरब डॉलर हो जाने का अनुमान है। जबकि टाटा ग्रुप का मार्केट कैप जुलाई 2024 में ही 400 अरब डॉलर को पार कर गया था। टाटा ग्रुप देश का पहला ऐसा कारोबारी ग्रुप है, जिसकी कंबाइंड वैल्यूएशन 400 अरब डॉलर को पार कर गई है। टाटा मोटर्स में उनकी पसंदीदा परियोजनाओं में इंडिका (भारत में डिजाइन और निर्मित पहली कार) और नैनो (जिसे दुनिया की सबसे सस्ती कार बताया गया) शामिल थी। रतन टाटा ने दोनों मॉडलों के लिए शुरुआती स्केच तैयार किए थे। इंडिका व्यावसायिक रूप से सफल रही। हालांकि, नैनो, जिसकी कीमत मात्र 100,000 रुपये (लगभग 1,200 डॉलर) थी और जो भारत के आम लोगों के लिए एक किफायती कार बनाने के रतन टाटा के सपने की परिणति थी, को सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं और गड़बड़ मार्केटिंग के कारण नुकसान उठाना पड़ा। लॉन्च होने के एक दशक बाद ही इसे बंद कर दिया गया। रतन टाटा एक लाइसेंसधारी पायलट थे, जो कभी-कभी कंपनी का विमान भी उड़ाते थे। उन्होंने कभी विवाह नहीं किया और वे अपने शांत आचरण, अपेक्षाकृत साधारण जीवनशैली और परोपकारी कार्यों के लिए जाने गए।

### अर्ज किया है..!

*मत पूछ कि हम ज़ब्त की*
*किस राह से गुज़रे*
*ये देख कि तुझ पर*
*कोई इल्ज़ाम न आया*

-मुस्तफ़ा ज़ैदी

## OSHO कहिन

**"अधिक से अधिक भोले, कम ज्ञानी और बच्चों की तरह बनो, क्योंकि जीवन को मजे के रूप में लीजिए क्योंकि वास्तविकता में यही जीवन है।"**



## महिला जगत

# हरियाणा चुनाव में इन महिलाओं ने मारी बाजी, जानें किसने कहां जीत दर्ज की







**हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे 8 अक्तूबर को घोषित किए गए। इस बार के चुनाव नतीजे काफी चौंकाने वाले रहे। भारतीय जनता पार्टी (BJP) ने 48 सीटों के साथ विजय हासिल की। वहीं कांग्रेस ने 37 सीटों पर जीत दर्ज कराई और इंडियन नेशनल लोकदल को 2 सीटों पर सफलता मिली। इस बार के चुनाव नतीजे थोड़े चौंकाने वाले रहे, क्योंकि हरियाणा में इस बार 90 सदस्यीय विधानसभा चुनाव में 13 महिला उम्मीदवारों ने जीत दर्ज कराई है। जबकि इससे पहले, साल 2019 के विधानसभा चुनाव में कुल आठ महिला प्रत्याशी जीत हासिल करके विधायक बनी थीं।**

हरियाणा में 5 अक्तूबर को चुनाव हुए, जिसमें करीब 1,031 उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतरे थे। इनमें 464 निर्दलीय और 101 महिला उम्मीदवार भी शामिल रहीं। जिन महिला उम्मीदवारों ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज कराई है, उनमें से कुल 5 भारतीय जनता पार्टी से निर्वाचित हुई हैं, जबकि 7 महिला उम्मीदवार कांग्रेस से निर्वाचित हुईं।

हरियाणा विधानसभा चुनाव में जिस नाम ने सबसे ज्यादा चौंकाया वो सावित्री जिंदल हैं, जिन्होंने निर्दलीय हिसार विधानसभा सीट से जीत दर्ज कराई है। उन्होंने कांग्रेस के रामनिवास राड़ा को 18941 मतों से पीछे छोड़ते हुए जीत हासिल की। बता दें, सावित्री जिंदल कुरुक्षेत्र से भाजपा सांसद और जाने-माने बिजनेसमैन नवीन जिंदल की मां हैं।

सावित्री जिंदल के अलावा हरियाणा विधानसभा चुनाव में और किन-किन महिलाओं ने जीत दर्ज कराई, चलिए आपको उनके भी नाम बताते हैं।

हरियाणा की कालका विधानसभा सीट से रानी शर्मा (भाजपा), राई विधानसभा सीट से कृष्णा गहलावत (भाजपा), श्रुति चौधरी (भाजपा) ने तोशाम से जीत का परचम लहराया। इसके अलावा अटेली विधानसभा सीट से केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की बेटी आरती सिंह से जीत हासिल की। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल की बहू किरण चौधरी ने भाजपा की टिकट से चुनावी मैदान में जीत का परचम लहराया।

जुलाना विधानसभा सीट से रेसलर विनेश फोगाट ने, झज्जर विधानसभा सीट से पूर्व मंत्री और कांग्रेस प्रत्याशी गीता भुक्कल, नारायणगढ़ से कांग्रेस की शैली चौधरी, कलानौर सीट से शकुंतला खटक जीतीं। मुलाना विधानसभा सीट से पूजा, साढौरा से रेनू बाला ने विजयी परचम लहराया। वहीं नांगल विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी मंजू चौधरी जीती हैं।

Maharashtra

# महाराष्ट्र में 'मिशन 40' से गेम पलटने की तैयारी कैसे हरियाणा की तरह होने लगी घेरेबंदी

**मुंबई, (एजेंसी)** महाराष्ट्र की एनडीए सरकार ने गुरुवार को दो बड़े फैसले लिए। एक तरफ उसने राज्य अनुसूचित जाति आयोग को संवैधानिक दर्जा देने का फैसला कर लिया तो वहीं केंद्र सरकार से ओबीसी क्रीमी लेयर की लिमिट बढ़ाकर 15 लाख रुपये तक करने की सिफारिश की है। फिलहाल यह सीमा 8 लाख रुपये की ही है। वहीं एक फैसला केंद्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने लिया है, जिसके तहत महाराष्ट्र की 19 ओबीसी जातियों और उपजातियों को केंद्र की पिछड़ा सूची में शामिल किया गया है। इन जातियों में गुर्जर, लोध, डांगी, भोयर आदि शामिल हैं। इन फैसलों से कितनी जातियों को किस तरह से फायदा होगा, यह अलग से अध्ययन का विषय हो



सकता है। लेकिन अहम बात यह है कि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार के इस फैसले से चुनावी समीकरण पलट सकते हैं। राज्य में अगले महीने ही इलेक्शन की तैयारी है और अगले सप्ताह कभी भी चुनाव का ऐलान हो सकता है। जानकारों का मानना है कि जिन 19 ओबीसी जातियों को केंद्रीय सूची में डाला गया है, उनकी संख्या लगभग 30 सीटों पर इतनी है कि वे चुनावी परिणाम बदल सकते हैं। इसी तरह लगभग एक दर्जन ऐसी सीटें हैं, जहां दलित समुदाय के लोगों की इतनी आबादी है कि वे चुनावी रुख बदल सकते हैं। इन सारे समीकरणों को साधते हुए 'मिशन 40' का प्लान तैयार किया गया है। भाजपा, शिवसेना और एनसीपी के गठबंधन को लगता है कि इन फैसलों से वह राज्य के समीकरणों को ही बदलने में सफल हो पाएंगे।

Uttarpradesh

## जेपी सेंटर जाने पर अड़े अखिलेश, घर के बाहर लगे बैरिकेडिंग, रास्ते भी सील, नजरबंद की तैयारी



**लखनऊ, (एजेंसी)** लखनऊ में जेपी सेंटरजेपीएनआईसी को ऊंची टीन की बैरिकेडिंग लगाकर बंद कर दिया। वहीं इसके विरोध में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव गुरुवार को देर रात जेपीएनआईसी पहुंच गए और सरकार के कदम का कड़ा विरोध किया। इसके बाद लखनऊ प्रशासन ने अब अखिलेश यादव के घर के आसपास के पूरे इलाके में पुलिस का पहरा लगा दिया है। अखिलेश यादव आज घर से न निकल पाएं उसके लिए लखनऊ प्रशासन ने घेरेबन्दी शुरू कर दी है। अखिलेश यादव के घर के बाहर बैरिकेडिंग लगाकर रास्ता सील कर दिया गया है। अखिलेश यादव ने सुबह 10 बजे वहां पहुंचकर समाजवादी नेता स्व. जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने की बात कही थी। दरअसल, जय प्रकाश नरायण की जयंती की पूर्व संध्या पर गुरुवार देर शाम लखनऊ में राजनीतिक सरगरमी बढ़ गई। सुरक्षा को देखते हुए पुलिस ने गोमती नगर स्थित जेपीएनआईसी बिल्डिंग का सुरक्षा घेरा बढ़ा दिया है। जेपीएनआईसी के गेट के बाहर टिन शेड खड़े कर दिए गए हैं। शेड पर लिखा गया है कि बिल्डिंग निर्माणाधीन है। उधर,इसकी जानकारी होने पर रात करीब रात 11.30 बजे सपा अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जेपीएनआईसी बिल्डिंग पहुंच गए। अखिलेश यादव ने इसका विरोध जताया। उन्होंने यूपी सरकार पर जमकर हमला बोला।

Bihar

## महिला वकील के घर में घुसे बदमाश, निर्वस्त्र कर बेरहमी से पीटा... सहरसा में शर्मनाक वारदात

**सहरसा, (एजेंसी)** बिहार के सहरसा जिले (Saharsa) से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. यहां अज्ञात बदमाशों ने एक महिला वकील के घर में घुसकर उसे बेरहमी से पीटा. इसी के साथ निर्वस्त्र कर वीडियो बनाने की कोशिश की. फिलहाल घायल महिला को एक निजी नर्सिंग होम में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है. पुलिस मामले की जांच में जुटी है.

जानकारी के अनुसार, यह घटना सहरसा के सदर थाना क्षेत्र के बटराहा मोहल्ले की है. पीड़ित महिला वकील अपने घर में पूजा कर रही थीं. घटना के बारे में पीड़िता ने बताया कि 10 अक्टूबर की सुबह लगभग 11 बजे जब वह घर पर पूजा कर रही थीं, तभी दरवाजे पर दस्तक हुई. इसके बाद दरवाजा खोलने पर चार युवक अंदर घुसे, जिनमें से एक ने चेहरा ढका हुआ था और बाकियों के चेहरे खुले थे. युवकों ने पिस्तौल तान दी और निर्वस्त्र कर वीडियो बनाने लगे. जब विरोध किया तो बदमाशों ने जमकर पिटाई की. मां ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो बदमाशों ने उन्हें भी पीटकर घायल कर दिया.

Rajasthan

## बूंदी में इंजेक्शन देते ही 7 साल के बच्चे की मौत, क्लीनिक के बाहर परिवार ने किया बवाल

**बूंदी, (एजेंसी) राजस्थान के बूंदी में एक प्राइवेट क्लीनिक में एंटीबायोटिक इंजेक्शन देने के बाद सात साल के बच्चे की मौत हो गई. घटना को लेकर पुलिस ने कहा कि एक रिटायर्ड बाल रोग विशेषज्ञ के निजी क्लीनिक में एंटीबायोटिक इंजेक्शन लेने के बाद बच्चे की जान चली गई.**

मृतक बच्चे के परिवार ने क्लीनिक के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और डॉक्टर पर गलत दवा देने का आरोप लगाया. हालांकि, डॉक्टर ने जोर देकर कहा कि लड़के की मृत्यु पिछली एलर्जी की वजह से हुई थी, जिसका खुलासा उसकी मां ने नहीं किया था.

न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक कानाहेड़ा गांव में 7 साल के कुंज मीना को बुखार, खांसी और सर्दी की शिकायत पर गुरुवार दोपहर बूंदी स्थित निजी डॉक्टर के क्लीनिक में लाया गया था. बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर केसी गगरानी ने कहा कि उन्होंने उसकी मां को पर्चे पर दवाई लिख कर दी लेकिन उन्होंने इंजेक्शन देने को कहा. डॉक्टर ने कहा, उनके अनुरोध पर स्टाफ ने एंटीबायोटिक्स (सीफेरिक्सोन) की सामान्य खुराक दी.

डॉ. गगरानी ने कहा, 'हालांकि, इंजेक्शन के तुरंत बाद, लड़के के मुंह से झाग निकलने लगा और वह बेहोश हो गया. इलाज की कोशिश के दौरान उसकी मौत हो गई. डॉक्टर ने कहा, 'मैंने अपने 40 साल के मेडिकल करियर में एनाफिलेक्टिक शॉक का यह दूसरा मामला देखा है, पहला मामला 1980 में तलेरा के सरकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में देखा था. उन्होंने कहा, किसी को एनाफिलेक्टिक शॉक से बचाना काफी असंभव है.

खेल

# PAK vs ENG: विराट कोहली का यह वर्ल्ड रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाए जो रूट, सचिन और लारा से भी रह गए पीछे

**नई दिल्ली, (एजेंसी) इंटरनेशनल क्रिकेट में 20,000 रनों का आंकड़ा पार करने वाले गिने-चुने बल्लेबाज ही हैं और इस लिस्ट में एक नया नाम और जुड़ गया है। इंग्लैंड के स्टार क्रिकेटर जो रूट ने पाकिस्तान के खिलाफ मुल्तान टेस्ट में 262 रनों की पारी के दौरान इंटरनेशनल क्रिकेट में 20,000 रनों का आंकड़ा पार कर लिया।**



सबसे कम पारियों में 20,000 इंटरनेशनल रन बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड विराट कोहली के नाम दर्ज है, जिन्होंने 417 पारियों में यह कारनामा किया है, वहीं इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर सचिन तेंदुलकर और ब्रायन लारा का नाम साथ में आता है, दोनों ने यह कारनामा 453-453 पारियों में किया है। रूट इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं, जिन्होंने 458 पारियों में 20,000 इंटरनेशनल रनों का आंकड़ा पार किया। सबसे ज्यादा इंटरनेशनल रन बनाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में रूट ने एबी डिविलियर्स को पीछे छोड़ दिया है।

सबसे ज्यादा इंटरनेशनल रन बनाने के मामले में सचिन तेंदुलकर सबसे आगे हैं, उनके खाते में कुल 34357 रन दर्ज हैं, वहीं इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर कुमार संगकारा का नाम आता है, जिन्होंने कुल 28016 इंटरनेशनल रन बनाए हैं। तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग हैं, जिनके बैट से कुल 27483 इंटरनेशनल रन निकले हैं। चौथे नंबर पर विराट कोहली का नाम आता है, जिन्होंने 27041 इंटरनेशनल रन बनाए हैं। टॉप-5 में इसके बाद महेला जयवर्धने का नाम आता है, जिनके खाते में 25957 इंटरनेशनल रन दर्ज हैं।

छठे, सातवें, आठवें, नौवें और 10वें नंबर पर इसके बाद से क्रम से जैक कालिस (25534), राहुल द्रविड़ (24208), ब्रायन लारा (22358), सनत जयसूर्या (21032) और शिवनारायण चंद्रपाल (20988) के नाम आते हैं। 11वें नंबर पर इंजमाम उल हक हैं और 12वें नंबर पर अब जो रूट आ गए हैं और एबी डिविलियर्स 13वें नंबर पर खिसक गए हैं। इंजमाम ने कुल 20580 इंटरनेशनल रन बनाए हैं, जबकि जो रूट के खाते में कुल 20079 रन हो गए हैं, वहीं एबी डिविलियर्स ने 20014 इंटरनेशनल रन बनाए हैं। 20,000 से ज्यादा इंटरनेशनल रन बनाने वाले यही कुल 13 बैटर्स हैं।

सिनेमा

## 'रतन टाटा से सीखा रिस्क लेना, हमेशा किया इंस्पायर', जब बोले शाहरुख खान



भारत के अनमोल रतन 'श्री रतन टाटा' ने बुधवार 9 अक्टूबर की रात मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में अंतिम सांस ली. उनका जाना पूरी देश के लिए एक बहुत बड़ी क्षति है. 86 साल की उम्र में उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया. पूरे देश में शोक की लहर है. बॉलीवुड सेलेब्स भी उनके निधन पर शोक जता रहे हैं. रतन टाटा एक बहुत बड़े बिजनेसमैन थे, और साथ ही लोगों की मदद करने में बहुत विश्वास रखते थे. उन्होंने बॉलीवुड के किंग शाहरुख खान की जिंदगी को भी प्रेरित किया था. 2013 में शाहरुख ने टाटा ग्रुप पर अपनी राय दी थी. उन्होंने बताया था कि कैसे रतन टाटा ने उन्हें इंस्पायर किया था. फोर्ब्स इंडिया को दिए इंटरव्यू में शाहरुख खान ने कहा था- जब भी मुझे मौका मिलता है, मैं जाता हूं और टाटा सन्स के आर.के. कृष्णकुमार के साथ टाइम स्पेंड करता हूं. मुझे बहुत अच्छा लगता है वो जैसे बात करते हैं, वो कैसे सोचते हैं, जरा देखिए उन्होंने क्या बनाया है. मैं जाता हूं और श्री के.वी. कामत के साथ बैठता हूं और ICICI के बारे में बात करता हूं. मैं उनमें एक बहुत अच्छा, सिम्पल और नॉर्मल इंसान देखता हूं. लेकिन उनके विजन बहुत जबरदस्त हैं. उनका बिजनेस अप्रोच बहुत ही सराहनीय है. वो हर चीज सोच लेते हैं. मैं बहुत इंस्पायर होता हूं. शाहरुख ने आगे कहा- वो (अंबानी, बिड़ला, टाटा) जानते हैं कि मेरा ऐसे बिजनेस में इंटरेस्ट है, जो सिर्फ प्रॉफिट्स से परे है.




1. Food delivery boy killed after Audi car rams into his two-wheeler at 2 am in Pune
2. Crown of Goddess Kali, gifted by PM Modi, stolen from temple in Bangladesh
3. Profit was always secondary for Ratan Tata: Jyotiraditya Scindia
4. Man finds iron wire in Bourbon biscuit in Telangana
5. Protesting doctors deserve your immediate attention: IMA to Mamata

# World Bank raises India's growth outlook for FY25 to 7% from 6.6 %

**NEW DEIHI, (Agency).** The World Bank has raised India's economic growth forecast from 6.6 per cent to 7 per cent for the financial year 2024-25 citing the growth of agriculture output and policies as a major factor contributing to the employment growth in the economy.

"Growth in India is projected to reach 7.0 per cent in FY24/25 with larger-than-expected agricultural output and policies to foster employment growth contributing to strong private consumption growth," the World Bank added in its South Asia's Growth forecast report released on October 10.

Many global rating agencies and multilateral organisations have also revised their growth forecasts for India upward.

In July, the International Monetary Fund (IMF) has raised India's growth projections for 2024 from 6.8 per cent to 7 per cent, reinforcing the country's status as the fastest-growing economy among emerging markets and developing economies.




The Asian Development Bank (ADB) in September last month forecasted India's economic growth at 7 per cent for the financial year FY2024 and 7.2 per cent for FY2025. ADB reiterated that India's economic growth will remain robust.

ADB, in its September edition of Asian Development Outlook (ADO), highlighted that an above-average monsoon in most parts of the country will lead to strong agricultural growth, enhancing the rural economy in FY2024.

In its earlier revision, the world financing body had attributed robustness and strength in domestic demand and a rising working-age population behind its growth projections.

Going further, the global body added that the growth in South Asia is expected to increase to 6.4 percent this year, exceeding earlier projections and keeping the region on track to be the fastest-growing in the world.

# Online festive sales hit $6.5 billion in just one week: 'Much better than plan'

**NEW DEIHI, (Agency).** Online marketplaces sold goods worth $6.5 billion in one week of festive sales- a 26% increase from last year. Mobile phones, electronics, consumer durables, home, and general merchandise accounted for three-fourths of the total sales. In the week starting September 26, sales made up for about 55% of the total ecommerce sales expected in the festive period this year, ecommerce consultancy Datum Intelligence said.

Flipkart and Amazon India started their annual festive season sales—Big




Billion Days and Great Indian Festival, respectively—on September 27, with early access for subscribers of their loyalty programmes Amazon Prime and Flipkart Plus from September 26.

Meesho started its Meesho Mega Blockbuster Sale on the same day and saw a 40% year-over-year increase in orders and a strong demand from tier-II cities with nearly 45% of shoppers coming from tier IV.

"Our first week was much better than the plan, which means the demand was front-loaded, indicating that many people planned their purchases because they wanted to make sure everything arrived well in advance for the festivals," Meesho cofounder and chief executive Vidit Aatrey told Economic Times.

## नमो देव्यै महादेव्यै शिवायै सततं नमः।
## नमः प्रकृत्यै भद्रायै नियताः प्रणताः स्म ताम्॥1॥



# दुर्गाअष्टमी- महानवमी की
# शुभकामनाएं

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक